

सुनील गावसकर और चेतन चौहान

# भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन जोड़ने वालीं 5 सलामी जोड़ियों

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज चेतन चौहान का रविवार को निधन हो गया। चौहान 73 वर्ष के थे। दाएं हाथ के इस जुझारू बल्लेबाज ने अपने टेस्ट करियर में 40 टेस्ट मैचों में 2084 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 16 हाफ सेंचुरी लगाईं। सुनील गावसकर के साथ उनकी सलामी जोड़ी काफी मजबूत रही। एक समय पर यह भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाली सलामी जोड़ी थी।

**गौतम गंभीर और वीरेंदर सहवागः** टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे कामयाब जोड़ी है सहवाग और गंभीर की। इनकी जोड़ी का सर्वाधिक स्कोर 233 रन का रहा।

**शिखर धवन-मुरली विजयः** लेफ्ट ऐंड राइट कॉम्बिनेशन। धवन और विजय ने 41 पारियों में ओपनिंग की। इनका हाईऐस्ट स्कोर 289 का रहा।

**गावसकर-गायकवाड़ः**सुनील गावसकर ने अंशुमान गायकवाड़ के साथ 49 टेस्ट पारियों में पारी की शुरुआत की। दोनों ने मिलकर 1722 रन जोड़े। और औसत रहा 35.87 का।

**गावसकर-श्रीकांतः** गावसकर को यूं ही भारत का बेस्ट टेस्ट ओपनर नहीं कहा जाता। कृष्णमनचारी श्रीकांत के साथ सुनील गावसकर ने 34 पारियों में शुरुआत की।

औसत की बात करें तो यह जोड़ी सहवाग–गंभीर से आगे नजर आती है। 59 पारियों में इन्होंने 53.75 के औसत से 3010 रन जोड़े। 10 बार बतौर सलामी जोड़ी शतकीय साझेदारी की और इतनी बार 50 से ज्यादा रन जोड़े। इस जोड़ी का सर्वाधिक स्कोर 213 का रहा। हालांकि चेतन चौहान और गावसकर ने एक बार चौथे विकेट के भी शतकीय साझेदारी की थी।

# सीएसके के लिए धोनी जब तक चाहें खेल सकते है

**क्रिकेट**

## 2021 के आईपीएल के बाद भी अपनी टीम में बतौर खिलाड़ी देखना चाहेंगे

चेन्नै सुपर किंग्स को टीम के साथ अपने कप्तान के भविष्य को लेकर कोई चिंता नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नै। महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर भले ही कई लोगों को हैरान कर दिया हो लेकिन चेन्नै सुपर किंग्स को टीम के साथ अपने कप्तान के भविष्य को लेकर कोई चिंता नहीं है। फ्रैंचाइजी चाहते हैं कि धोनी जब तक चाहें टीम के साथ खेलते रहें।

सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने बताया, उन्होंने सिर्फ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट छोड़ा है। वह चेन्नै सुपर किंग्स के लिए खेलते रहेंगे। हमारी ख्वाहिश है कि वह तब तक खेलते रहें जब तक उनका दिल करे। दरअसल, हम तो उन्हें



2021 के आईपीएल के बाद भी अपनी टीम में बतौर खिलाड़ी देखना चाहेंगे।

चेन्नै सुपर किंग्स ने शनिवार से अपना ट्रेनिंग कैंप शुरू किया है। रविवार को टीम ने शहर में लॉकडाउन की वजह से प्रैक्टिस नहीं की। धोनी ने पिछले साल जुलाई के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला था, आईपीएल में वापसी के लिए तैयार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग का 13वां सीजन 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच यूएई में खेला जाएगा। इस बीच यह भी खबर है कि अगर चेन्नै सुपर किंग्स इस साल आईपीएल का खिताब जीत जाती है तो धोनी क्रिकेट को पूरी तरह अलविदा कह सकते हैं।

विश्वनाथन ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला बिलकुल धोनी के अंदाज में था। लेकिन बात जब क्रिकेटीय फैसलों की हो तो हम उसमें दखल नहीं देते। हालांकि हम बेशक ऐसी उम्मीद करते हैं कि वह चेन्नै सुपर किंग्स को छोड़ने को लेकर ऐसा कोई फैसला नहीं करें।

सीएसके का यह अधिकारी शनिवार को उस समय इनचार्ज था जब टीम एमए चिदंबरम स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही थी। इसी प्रैक्टिस सेशन के बाद धोनी ने रिटायरमेंट का ऐलान किया। विश्वनाथन ने कहा कि धोनी जब प्रैक्टिस में बैटिंग कर रहे थे तो उनकी बॉडी लैंग्वेज से इस फैसले का कोई अंदाजा नहीं मिल रहा था।

उन्होंने कहा, प्रैक्टिस शाम को 4:30 पर शुरू हुई और सात बजे तक चली। इसके बाद धोनी ड्रेसिंग रूम में वापस चले गए। आधे घंटे बाद, मुझे टीम के मालिक एन. श्रीनिवासन का संदेश मिला कि मैं चेक करूं कि क्या यह खबर सही है। धोनी जब ड्रेसिंग रूम से लौटे तो मैं उनसे बात की और उन्होंने इसकी पुष्टि कर दी।

# चेतन चौहान को भारतीय क्रिकेट से गहरा लगाव था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने पूर्व सलामी बल्लेबाज चेतन चौहान के निधन पर शोक जताया है। गांगुली ने कहा कि क्रिकेटर न सिर्फ एक मजबूत ओपनिंग बल्लेबाज थे लेकिन साथ ही उनमें गजब का सेंस ऑफ ह्यूमर भी था और भारतीय क्रिकेट के प्रति उनके मन में बहुत लगाव था।

चौहान को कोविड–19 पॉजीटिव पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां रविवार को उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। गांगुली ने बीसीसीआई द्वारा जारी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, श्चेतन चौहान के निधन



के बारे में सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ है। जब वह भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर थे तो मैंने उनके साथ बहुत वक्त बिताया है। न सिर्फ वह एक मजबूत सलामी बल्लेबाज थे बल्कि उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी लाजवाब था और भारतीय क्रिकेट के प्रति उनका लगाव भी शानदार था।

गांगुली ने कहा, इस साल को

## गांगुली ने चेतन चौहान के निधन पर शोक व्यक्त किया

भूल जाना ही बेहतर है क्योंकि इसने कई लोगों को हमसे छीना है। वह हमेशा हमारे साथ रहेंगे। ईश्वर उनके परिवार को इस दुख से उबरने की शक्ति दे।

दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज चौहान ने भारत के लिए 40 टेस्ट मैच और सात वन्डे खेले। वह सुनील गावसकर के ओपनिंग पार्टनर रहे और दोनों ने सलाम जोड़ी के रूप में 10 शतकीय साझेदारियां कीं। 1979 में ओवल में दोनों ने दमदार प्रदर्शन किया था जब दूसरी पारी में 213 रन जोड़े थे। इस जोड़ी ने कुल मिलाकर 59 पारियों में 3010 रन जोड़े। वीरेंदर सहवाग और गौतम गंभीर की जोड़ी ने बाद में इस रेकॉर्ड को तोड़ा।

## आखिर महेंद्र सिंह धोनी ने रिटायरमेंट के लिए क्यों चुना 1929 का समय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस वाले दिन महेंद्र सिंह धोनी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उनके करियर के खास लम्हे थे। बैकग्राउंड में गीत बज रहा था। फिल्म कभी–कभी का साहिर लुधियानवी का लिखा और मुकेश की आवाज में गाया हुआ। एक वीडियो के साथ शेयर किए गए कैप्शन ने भारतीय क्रिकेट और क्रिकेट फैंस में हलचल मचा दी। इस पर लिखा था– इस सफर के लिए आपके प्यार और समर्थन के लिए बहुत शुक्रिया। आज 1929 (शाम सात बजकर 29 मिनट) से मुझे रिटायर समझा जाए।

महेंद्र सिंह धोनी के करीबियों ने इस वक्त के बारे में बताया है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को भारत में अंतिम सूर्यास्त रात 1929 पर हुआ। गुजरात स्थित भारत के सबसे पश्चिमी इलाके– गुहार मोती (जिसे कई बार गौहर मोटा) में सूरज 1929 पर डूबा। एक करीबी सूत्र ने कहा, महेंद्र सिंह धोनी अपने करियर को एक सामानंतर अंत देना चाहते थे। वह सूर्यास्त में चले जाने के समान लकीर खींचना चाहते थे। यह बहुत सोच–समझकर लिया गया फैसला था।

## न्यूज डायरी



### इंग्लैंड को 2022 में पाकिस्तान का दौरा करना चाहिएः अकरम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथम्पटन। पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के बीच ब्रिटेन आने के लिए इंग्लैंड को अजहर अली और उनकी टीम का आभारी होना चाहिए और उन्हें इसके बदले 2022 में पाकिस्तान का दौरा करना चाहिए। वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बावजूद वेस्टइंडीज और पाकिस्तान ने इंग्लैंड का दौरा करने का फैसला किया जिससे इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) भारी वित्तीय नुकसान से बच गया। इंग्लैंड ने 2005–06 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। टीम 2009 में श्रीलंकाई टीम बस पर आतंकी हमले के बाद सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं आई है। जो रूट और उनकी टीम को हालांकि 2022 में तीन टेस्ट और पांच एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है। वसीम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा, ''टीम के यहां आने के कारण आप लोगों को पाकिस्तान क्रिकेट का आभारी होना चाहिए और देश का उससे भी अधिक।

### महेंद्र सिंह धोनी के रिटायरमेंट पर युवराज सिंह का इमोशनल मेसेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी को रिटायरमेंट पर एक खास मेसेज दिया है। महेंद्र सिंह ध ोनी ने शनिवार (15 अगस्त) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा। धोनी के साथ कई मैच–जिताऊ पारियां खेलने वाले युवराज सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर धोनी को संदेश दिया। युवी ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए अपने वीडियो के जरिए धोनी के साथ देश के लिए खेली गईं पारियों की एक झलक दिखाई। भारतीय क्रिकेट के लिए महेंद्र सिंह धोनी के योगदान की तारीफ करने के अलावा युवराज ने उनके साथ वर्ल्ड टी20 2007 और 2011 में 50 ओवरों के वर्ल्ड कप जीतने की यादों को भी ताजा किया। युवराज ने मेसेज किया, श्एक शानदार करियर के लिए बहुत बधाई ! देश के लिए मैदान पर 2007 और 2011 वर्ल्ड ट्रोफी साथ उठाने और कई यादगार साझेदारियों को काफी इंजॉय किया। भविष्य के लिए तुम्हें मेरी शुभकामनाएं।

### सार्वजनिक घोषणा से एक दिन बाद रैना ने औपचारिक रूप से संन्यास की सूचना दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीमित ओवरों के प्रारूप में भारतीय टीम का अहम सदस्य होने के लिए सुरेश रैना की सराहना की और साथ ही सोमवार को कहा कि इस ऑलराउंडर ने सार्वजनिक घोषणा से एक दिन बाद बोर्ड को संन्यास के फैसले की सूचना दी थी। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के 15 अगस्त को संन्यास की घोषणा करने के कुछ ही मिनट बाद 33 साल के रैना ने भी उनके नक्शेकदम पर चलते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को हैरान कर दिया था। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज सुरेश रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में बीसीसीआई को रविवार को औपचारिक रूप से जानकारी दी थी।' आम तौर पर खिलाड़ी संन्यास की घोषणा करने से पहले बीसीसीआई को सूचित करते हैं।

### धौनी सर ने लोगों को बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सोमवार को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धौनी के संन्यास को लेकर बयान दिया है। महिला क्रिकेटर मंधाना ने कहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धौनी ने अपने आसपास के लोगों को बतौर क्रिकेटर और बतौर इंसान प्रेरणा दी है। एमएस धौनी ने शनिवार 15 अगस्त की शाम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है, जिसको लेकर उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट किया था। बीसीसीआइ वुमेन के ट्विटर हैंडल पर शेयर किए गए वीडियो में स्मृति मंधाना ने कहा है, मुझे अभी भी याद है कि माही सर 2011 विश्व कप फाइनल में बल्लेबाजी करने के लिए निकले थे, उनके चेहरे पर आत्मविश्वास कुछ ऐसा था, जिससे मैं प्रेरित हुई।